# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में व्यापारियों ने रखी हड़ताल

## शाजापुर में बंद रहे मेडिकल, दवाई के लिए यहां-वहां भटकते रहे मरीज और परिजन

**शाजापुर। शाजापुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने बुधवार को ऑनलाइन दवा बिक्री और छोटे दवा व्यापारियों के हितों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की. जिलेभर के मेडिकल स्टोर बंद रखे गए. दवा व्यापारियों ने कलेक्ट कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम मनीषा वास्कले को सौंपा।**



ज्ञापन में कहा गया कि इंटरनेट के माध्यम से बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयों की बिक्री और होम डिलीवरी लगातार बढ़ रही है. एसोसिएशन का कहना है कि इससे जनस्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है और दवाइयों के गलत इस्तेमाल की आशंका बनी रहती है. दवा व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा भारी छूट देकर दवाइयां बेची जा रही है, जिससे छोटे और लाइसेंसधारी केमिस्टों का कारोबार प्रभावित हो रहा है. केमिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है. इसके बावजूद कई ऑनलाइन कंपनियां लंबे समय से दवाओं की बिक्री कर रही हैं. एसोसिएशन ने जीएसआर 817 ई और जीएसआर 220 ई को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग भी उठाई.

### व्यापारियों ने की सरकार से सख्त नियम बनाने की मांग

दवा व्यापारियों ने मांग की कि बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए. साथ ही ऑनलाइन कंपनियों की डीप डिस्काउंटिंग और प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति पर भी रोक लगाने की मांग की गई. जिला अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि यह हड़ताल ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित की गई थी.

### शुजालपुर में निजी चिकित्सकों ने भी दिया समर्थन

शुजालपुर, ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर बुधवार को क्षेत्र की दवा दुकाने बंद रही. बता दें इस संगठन द्वारा ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण बड़ी कंपनियों के भारी छूट पर रोक, नकली दवा पर कार्यवाही की मांग की जा रही है. इसी के चलते शुजालपुर सिटी व मंडी सहित अंचलों में स्थित दवा




विक्रेताओं ने अपने निजी मेडिकल स्टोर बंद रखे. हालांकि अपातकालीन सेवाओं के लिए निजी चिकित्सालयों में स्थित मेडिकल स्टोर का कामकाज सुचारू रहा. साथ ही शासकीय अस्पतालों में भी दवा वितरण केन्द्र जारी रहे. हड़ताल में शामिल हुए दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन रूप से मंगाई जाने वाली दवाओं की प्रमाणिकता सही नहीं होती है. साथ ही इस तरह की दवाएं बिना चिकित्सक के परामर्श से भी मंगाई जा सकती है, जो कि मरीज के लिए नुकसान दायक भी हो सकती है. दवा विक्रेताओं के समर्थन में शहर के निजी चिकित्सकों ने भी दोपहर तक अपने निजी चिकित्सालय बंद रखे.

### मक्सी में पूरी तरह बंद रही दवा दुकानें

मक्सी में ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को आयोजित देशव्यापी हड़ताल का व्यापक असर मक्सी नगर में भी देखने को मिला. नगर की सभी छोटी-बड़ी दवा दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं, जिससे मरीज एवं उनके परिजन दवा के लिए यहां-वहां भटकते दिखाई दिए. एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और अपनी विभिन्न न्यायसंगत मांगों को लेकर यह कदम उठाया गया है. केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाईन दवाओं की बिक्री से न केवल उनके व्यापार पर संकट खड़ा हो गया है, बल्कि बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाएं डिलीवर होने से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है. एसोसिएशन के सचिव जितेन्द्र जैन ने बताया कि नगर के सभी दवा विक्रेताओं ने एकजुटता दिखाते हुए स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे. एसोसिएशन द्वारा जिला स्तर पर प्रशाशन को ज्ञापन सौंपा गया एवं दवा विक्रेताओं ने सरकार से मांग की है कि खुदरा दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाए और ऑनलाइन फार्मेसी पर तुरंत प्रभाव से लगाम लगाई जाए एवं अन्य मांगे मानी जाए . यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा.

### आगर जिले में बंद रहे मेडिकल स्टोर

**आगर-मालवा,** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री एवं होम डिलीवरी के विरोध में बुधवार को जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन आगर.मालवा के आह्वान पर जिलेभर के मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा. आल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन के आह्वान पर प्रदेशभर में मेडिकल दुकानें बंद रहीं. आगर जिले में भी






मेडिकल स्टोर्स पूरे दिन बंद रहे. सरकारी अस्पतालो में निशुल्क दवाई वितरण केंद्र खुले रहे. जहां उपचार के बाद मरीजों को दवाई दी गई. लेकिन बाहर मेडिकल स्टोर्स बंद होने से लोग परेशान होते दिखे. मेडिकल स्टोर्स बंद होने से कई लोग निराश होकर वापस लौटे. जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा एवं सचिव योगेश पांडे ने बताया कि एसोसिएशन पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की. जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा पुराने अस्पताल चौराहे से शहर में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें जिलेभर के मेडिकल संचालक शामिल हुए. रैली कंपनी गार्डन पहुंची. जहां बैठक आयोजित की गई. इसके बाद सभी सदस्य पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा. जिला व्यापारी संघ ने भी बंद को समर्थन दिया. संघ के जिला अध्यक्ष देवीलाल सोनी ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार के कारण छोटे एवं मध्यम व्यापारी परेशान हैं और कई लोग व्यापार बंद करने की स्थिति में पहुंच गए हैं. उन्होंने कहा कि लोगों को ऑनलाइन खरीदारी के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है. वहीं आशुतोष देसाई ने कहा कि एकजुटता के बिना ऑनलाइन अवैध बिक्री पर रोक संभव नहीं है. ज्ञापन का वाचन जिला सचिव योगेश पांडे ने किया. आभार जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने माना. इस दौरान आशुतोष देसाई, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोजकुमार जैन, सुरेन्द्रकुमार राठौर, गौतमचंद जैन, श्रवण गोयल, रामकुमार गुप्ता, प्रकाश फुलेरा आदि मौजूद थे.

## एक नजर में

### रेस्टोरेंट, होटल और लॉज में अग्निशामक उपकरण स्थापित करने के निर्देश

**शाजापुर।** रेस्टोरेंट, होटल, लॉज में आने एवं ठहरने वाले अतिथियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था किया जाना अनिवार्य है. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले ने अनुभाग शाजापुर के समस्त रेस्टोरेंट, होटल, लॉज प्रबंधकों को निर्देशित किया हैं कि अपने प्रतिष्ठान में निर्धारित मानकों के अनुसार पर्याप्त संख्या में अग्निशामक यंत्र स्थापित कर उन्हें सदैव कार्यशील स्थिति में रखें. साथ ही उन्होंने निर्देशित किया हैं कि रेस्टोरेंट, होटल, लॉज के प्रमुख स्थानों पर उपयुक्त प्रकार के अग्निशामक यंत्र स्थापित किए जाए. सभी अग्निशामक यंत्र मानक गुणवत्ता के एवं वैध अवधि के भीतर हों. समय-समय पर उनकी जांच, सर्विसिंग एवं रिफिलिंग कराएं. आपातकालीन निकास मार्ग एवं सीढ़ियां बाधारहित रखी जाए. कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्र संचालन एवं प्राथमिक अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दें. उपरोक्त निर्देशों का पालन शीघ्र सुनिश्चित करें. जिससे किसी भी आकस्मिक अग्नि दुर्घटना की स्थिति में जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

### विद्यार्थियों को दी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी

**शुजालपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों ने दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं स्कॉलर्स हायर सेकेंडरी स्कूल शुजालपुर का दौरा कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी. अभियान के दौरान पंकज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रवेश एवं छात्रवृत्ति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में महाविद्यालय में जीरो पेंडेंसी की स्थिति है तथा किसी भी विद्यार्थी का आवेदन लंबित नहीं है. प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि प्रथम चरण में महाविद्यालय के लगभग सभी विषयों के लिए विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किए जा चुके हैं. उन्होंने कहा कि यह जानकारी हेल्प डेस्क के माध्यम से प्राप्त हुई है. साथ ही उन्होंने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 1 मई से 15 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं. महाविद्यालय की टीम ने विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने के साथ उच्च शिक्षा प्रवेश कैलेंडर भी वितरित किए. इस दौरान डॉ. योगेंद्र लववंशी, रोड सिंह मालवीय एवं डॉ. सुनील कुमार मित्तल उपस्थित रहे. डॉ. मित्तल ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी भी दी. महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत शुजालपुर एवं आसपास के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है.

### 30 जून तक होगी बायोमेट्रिक ई-केवायसी

**शाजापुर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष मिलने वाली 6000 रुपए की राशि का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी हितग्राहियों का प्रति वर्ष बायोमेट्रिक के माध्यम से ई केवायसी कराया जाना अनिवार्य है. वर्तमान वर्ष के लिए बायोमेट्रिक ई केवायसी पूर्ण करने की अंतिम समय सीमा 30 जून 2026 निर्धारित की गई है. शाजापुर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत लगभग 150345 एक्टिव हितग्राही हैं, जिनकी बायोमेट्रिक ई केवाईसी की कार्यवाही पूर्ण की जाना है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले की समस्त तहसीलों के तहसीलदारों को बायोमेट्रिक ई केवाईसी की कार्यवाही पीएम किसान एप, सीएससी केन्द्र एवं पटवारी के द्वारा की जाना है. इस कार्य को समय .सीमा में शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए तहसील अंतर्गत विभिन्न कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करन के निर्देश दिए हैं.

#### ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार व कैम्प आयोजन

कलेक्टर बाफना ने निर्देशित किया है कि स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि हितग्राहियों को जानकारी मिल सके. पंचायतों के क्लस्टर बनाकर पंचायत भवनों में विशेष कैम्पों का आयोजन करें और हितग्राहियों को पीएम किसान एप के माध्यम से ई केवायसी करने का प्रशिक्षण दें.

#### सीएससी केन्द्रों को लक्ष्य आवंटन

तहसील स्तर पर सीएससी केन्द्र संचालकों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक केन्द्र के लिए ई केवायसी का साप्ताहिक/दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें तथा इसकी नियमित समीक्षा करें. योजना के अंतर्गत पटवारियों को नियुक्त किया गया है. अत: पटवारी वार लंबित ई केवायसी की प्रगति की कड़ी समीक्षा करें. इस अभियान में कृषिए पंचायत एवं अन्य विभागीय मैदानी अमले को संबद्ध करते हुए उनके लिए भी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें.

# अंग्रेजी साहित्य में भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार व्याख्यान

**शुजालपुर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के आईक्यूएसी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंग्रेजी साहित्य में भविष्य की संभावनाएं एवं अवसर विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई.**

कार्यक्रम में स्व. राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय कालापीपल के असिस्टेंट प्रोफेसर संजय कुमार सोलंकी विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद शिक्षण, शोध, पत्रकारिता, कंटेंट राइटिंग, प्रकाशन, अनुवाद, मीडिया, जनसंपर्क एवं सिविल सेवा जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डाला. प्रो. सोलंकी ने कहा कि अंग्रेजी साहित्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास करता है, जिसकी वर्तमान व्यावसायिक क्षेत्र में अत्यधिक मांग है. उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल विकास पर ध्यान देने तथा भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर मोना जाटव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर अंकिता वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही. विद्यार्थियों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक और प्रेरित करते हैं. कार्यक्रम में एमए एवं बीए अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# विधिक शिविर व्यवस्था का निरीक्षण

**शाजापुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में बुधवार को दत्तक शिशु गृह, शाजापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा द्वारा विशेष दत्तक गृह शाजापुर का निरीक्षण किया गया. दत्तक गृह में तीन बच्चियां पाई गई. जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित दत्तक शिशु गृह के अध्यक्ष को दत्तक शिशुओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए अनुकूलित वातावरण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया. शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी शाजापुर श्रीमती शिखा शर्मा ने बताया कि एक शिशु को उसके माता पिता की अनुपस्थिति में पालना भी एक महान पुन्य का कार्य है. शिविर के दौरान विशेष दत्तक गृह प्रबंधक भूपेन्द्र सहगल तथा पैरालीगल वालेंटियर रवि मालवीय एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी योगेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित

# एनसीसी कैडेट हरिओम कटारिया का सेना के अग्निवीर में चयन

**शुजालपुर, 20 मई. जेएनएसएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के एनसीसी विभाग के कैडेट हरिओम कटारिया का आर्मी अग्निवीर क्लर्क पद पर चयन हुआ है. उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है. 04 मप्र बटालियन एनसीसी भोपाल की महाविद्यालय इकाई से जुड़े कैडेट हरिओम कटारिया ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों के दम पर यह सफलता हासिल की.**

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है. उन्होंने हरिओम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी लगन और समर्पण की सराहना की. एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. रवि राठौर ने बताया कि हरिओम कटारिया ने महाविद्यालय, एनसीसी बटालियन तथा अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि कैडेट की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी.

**पुष्पांजलि कार्यक्रम आज-शुजालपुर,** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई गुरुवार को सुबह 9 बजे पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जाएगी. ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ ने समस्त कांग्रेस नेतागणों, पदाधिकारी, समस्त संगठन प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ताओं से पुष्पांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है.

# अग्नि आपदा प्रबंधन पर डेमोस्ट्रेशन-मॉकड्रील

**शुजालपुर। सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मंडी में डॉ. शारदा रामसरीया सिविल सर्जन की अध्यक्षता एवं डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अग्नि आपदा प्रबंधन डेमोस्ट्रेशन/मॉकड्रील का आयोजन किया गया.**

उक्त आयोजन में आपदा प्रबंधन कानून 2005 के विषय पर चर्चा की गई. तत्पश्चात प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड श्रीमती नम्रता सरावत द्वारा फायर सेफ्टी प्लान के तहत व्याख्यान एवं डेमोस्ट्रेशन दिए गए. उक्त डेमोस्ट्रेशन में एसडीईआरएफ टीम शाजापुर के द्वारा अग्निशमन संबंधित मॉकड्रील की गई. फायर दुर्घटना से बचाव संबंधित इक्यूपमेंट की प्रदर्शनी भी चिकित्सालय परिसर में लगाई गई. जिसके माध्यम से आग लगने के समय रखने वाली सावधानियों से उपस्थित स्टाफ आमजन को समझाईश दी गई. एसडीईआरएफ टीम द्वारा आग के विभिन्न प्रकार, ज्वलनशील दृव्य से लगने वाली आग एवं शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आग से कैसे बचा जा सकता है एवं आग लगने पर क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए, इसका भी डेमोस्ट्रेशन दिया गया. आग बुझाने की विधियों में एसडीईआरएफ टीम के साथ अस्पताल स्टॉफ को भी शामिल किया जाकर, महिला स्टॉफ के द्वारा भी गैस की टंकी में लगी आग को बुझाया गया. आग बुझाने में उपयोग में आने वाले फायर एक्सटीग्यूशर के विभिन्न प्रकार के टाईपस की जानकारी स्टॉफ तथा मौके पर मौजूद आमजन को दी गई. चिकित्सालय परिसर में सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर फायर सेफ्टी नोडल अधिकारी प्रवीण जोशी एवं 25 स्टॉफ तथा लगभग 200 आमजन भी शामिल थे. उक्त कार्यशाला में एसडीईआरएफ टीम के साथ-साथ होमगार्ड जवान भी शामिल रहे.


## एक नजर में

**15 जून तक ही सप्लाई संभव, 70 हजार शहरवासी होंगे प्रभावित**

# भीषण गर्मी में जलसंकट की दस्तक, चीलर डेम में 2 फीट पानी शेष

**शाजापुर । शाजापुर शहर भीषण गर्मी के बीच गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है. शहर के 29 वार्डों में रहने वाले लगभग 70 हजार लोगों को एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन अब कई इलाकों में नलों से पानी आने का समय भी घट गया है. पहले जहां एक घंटे तक पानी आता था. वहीं अब यह अवधि घटकर 30 से 45 मिनट रह गई है.**

इससे लोगों को पीने और दैनिक जरूरतों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है. स्थानीय निवासी महेश चौहान ने बताया कि पहले की तुलना में पानी बहुत कम आ रहा है और आधे घंटे में उनकी टंकियां भी नहीं भर पातीं. वहीं आदित्य नगर की रेखा ने कहा कि



नलों में 40 से 45 मिनट ही पानी आता है, जिससे घर की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है. सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित पाटीदार ने जानकारी दी कि चीलर डेम में फिलहाल केवल 2 फीट पानी बचा है. यह पानी अधिकतम 15 जून तक ही चल पाएगा. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर बारिश नहीं हुई तो शहर को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है.

**इनका कहना है...**

**शहर में फिलहाल पर्याप्त पानी दिया जा रहा है. कुछ स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज और तकनीकी समस्याओं के कारण आपूर्ति का समय प्रभावित हुआ है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा. - भूपेंद्र दीक्षित, सीएमओ, शाजापुर**

### एबी रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मनीषा वास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल, सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित, एसआई नवीन भीलावलिया, पटवारी ललित कुम्भकार, कपिल शिंदे, सचिन नरवरिया, राहुल सिकरवार, सुनील बंसल एवं नगर पालिका व पुलिस अमले द्वारा एबी रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री वास्कले ने बताया कि कार्यवाही के दौरान बस स्टैंड पर जिला आबकारी कार्यालय के पास स्थित टल्ली ढाबे पर कुछ लोग बैठ कर शराब का सेवन करते पाए गए. जिसके उपरांत कुछ शराब की बोटल एवं सामग्री जब्त की गई. आरोपी ढाबा संचालक विष्णु सौराष्ट्रीय पिता पर्वत लाल द्वारा अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं की जा सकी. उक्त जुर्म आबकारी अधिनियम की धारा के तहत दंडनीय होने से कोतवाली थाना में मामला दर्ज कर आगामी विवेचना शुरू की गई है.